साहित्य अकादेमी

# राजभाषा सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित राजभाषा सप्ताह (14–21 सितंबर 2017) के दौरान आज दिनांक 20 सितंबर 2017 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अकादेमी के 30 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में श्री आर.पी. जोशी, सेवानिवृत्त, उपमहाप्रबंधक (राजभाषा), एयर इंडिया को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने 'भारत सरकार की राजभाषा नीति' के बारे में बहुत ही सरल, सहज ढंग से जानकारी दी। सरकार, राजभाषा और नीति – तीनों शब्दों को परिभाषित करते हुए उन्होंने केंद्रीय सरकारी कामकाज के लिए निर्धारित राजभाषा हिंदी और उसके कार्यान्वयन की नीति के बारे में बताया।

उन्होंने कार्यान्वयन के लक्ष्यों और परिपालन संबंधी मॉनीटरिंग पर बात करते हुए कहा कि प्रेरणा और प्रोत्साहन से राजभाषा कार्यान्वयन की नीति अपनाई गई हैं, उन्होंने अनेक मामलों में यह अनिवार्यता भी है, जिसका अनुपालन न किया जाना कानून का उल्लंघन है। उन्होंने प्रतिभागियों की अनेक जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

कार्यशाला का संचालन अकादेमी के विशेष कार्याधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश ने किया।